## सार-समाचार

### डॉ सतीश शर्मा अध्यक्ष व डॉ दिलीप मित्तल सचिव बने

**अजमेर** (कास)। अजमेर जिले के प्राइवेट हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम सोसायटी के द्विवार्षिक चुनाव बुधवार को सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी डॉ नीरज खुंगर की देखरेख में हुए चुनाव में सर्वसम्मति से डॉ सतीश शर्मा को अध्यक्ष एवं डॉ दिलीप मित्तल को सचिव पद पर चुना गया है। कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों में डॉ अरुण क्षेत्रपाल उपाध्यक्ष एवं डॉ राजेन्द्र मलिक कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ अशोक मित्तल एवं सचिव डॉ मनीष शारदा ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी है। नव निर्वाचित सचिव डॉ दिलीप मित्तल ने सभी अस्पतालों को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मरीज तक पहुंच सके।

### रोजगार सहायता शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा।** जिला रोजगार कार्यालय, द्वारा बुधवार को प्रातः 9 बजे से आई.टी.आई, परिसर में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक के.के. मीणा, आई.टी.आई के संयुक्त निदेशक फैजल खान, जिला रोजगार कार्यालय के उप निदेशक मुकेश गुर्जर, जिला कौशल समन्वयक ललित चौधरी द्वारा किया गया। शिविर में 12 निजी नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाकर कुल 319 आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया।

### एसएससीआई भर्ती चयन परीक्षा 11 से 26 तक

**भीलवाड़ा।** जिला प्रशासन के सहयोग से एवं गृह मन्त्रालय एनडीआरएफ के तहत एसएससीआई भर्ती चयन शिविर, भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली द्वारा सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपर वाईजर भर्ती चयन परीक्षा ग्रामीण व शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को जिले के तहसील स्तर पर भर्ती चयन परीक्षा आयोजित की जायेगी।भर्ती अधिकारी रामेश्वर लाल प्रजापति ने बताया कि 11 सितंबर रा.उ.मा.वि., कोटड़ी, 12 सितंबर को रा.उ.मा.वि. जहाजपुर, 13 सितंबर को रा.उ. मा.वि. शाहपुरा, 14 सितंबर को रा.उ.मा.वि., बनेड़ा, 15 सितंबर को रा.उ.मा.वि.गुलाबपुरा, 16 सितंबर को रा.उ.मा.वि.. हुरड़ा, 17 सितंबर को रा.उ.मा.वि., आसींद, 18 सितंबर को रा.उ.मा.वि. करेड़ा, 19 सितंबर को रा.उ.मा.वि. रायपुर, 20 सितंबर को रा.उ.मा.वि.सहाड़ा, 21 सितंबर को रा.उ.मा.वि..मांडल, 22 सितंबर को रा.उ.मा.वि. मांडलगढ, 23 सितंबर को रा.उ.मा.वि. बिजौलिया, 24 सितंबर को रा.उ.मा.वि. सुवाणा, 25 सितंबर को रा.उ.मा.वि. हमीरगढ़, 26 सितंबर को रा.उ.मा.वि. प्रतापनगर स्कुल में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक भर्ती परीक्षा आयोजित होगे। अभ्यार्थी की लम्बाई 168 सेमी, वजन 56 किलो से 90 किलो तक, उम्र 19 वर्ष से 40 वर्ष तक, दसवीं उत्तीर्ण व अनुर्तीण एवं ठोजुएट भाग ले सकते सकते है। जिले व जिले के बाहर काम करने के इच्छुक हो चयनित उम्मीदवार को फिजिकल के बाद रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। इसमें एक माह के प्रशिक्षण के बाद 65 साल की उम्र तक नौकरी दी जायेगी अन्य सुविधाऐ जैसे पीएफ, पेंशन, ठोज्युटी, बीमा, सालाना वेतन वृद्धि, आवास एवं मैस की सुविधा, सैलरी 15 हजार से 25 हजार रूपये तक रहेगी। प्रशिक्षण के बाद भारत सरकार औद्योगिक क्षेत्र इण्डस्ट्रीयल एरिया, मल्टीनेशनल क्षेत्र, चित्तौडगढ़ किला, कुम्भलगढ़ किला, मैट्रो हवाई अड्डा, बंदरगाह क्षेत्रों में नियुक्ति दी जायेगी।

### यूनेस्को का प्लास्टिक छोड़ो अभियान

**भीलवाड़ा।** एलएनजे ग्रुप के सहयोग तथा जवाहर फाउण्डेशन द्वारा शहर के गजाधर मानसिंहका धर्मशाला में संचालित स्वाभिमान भोज रसोई का आज स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली व भीलवाड़ा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुखपाल जाट सहित अन्य पदाधिकारियों ने अवलोकन किया। इस अवसर पर स्वाभिमान भोज रसोई में भोजन लेने वाले जरूरतमंदों को प्लास्टिक छोड़ो, कपड़े के बैग अपनाओ व पर्यावरण बचाओ, अभियान के तहत सभी को कपड़े के बैग वितरण किये गये। इस अवसर पर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने स्वाभिमान भोज रसोई का अवलोकन करते हुए वहां भोजन कर रहे लोगों से भी बातचीत कर खाने के बारे में जानकारी ली। उपस्थित लोगों ने सभी ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए खाने की गुणवत्ता बहुत ही अच्छी बताते हुए घर जैसा बताया। इस अवसर पर माली ने जवाहर फाउण्डेशन के संस्थापक अध्यक्ष रिजु झुनझुनवाला का धन्यवाद देते हुए कहा कि स्वाभिमान भोज से आम व जरूरतमंद लोगों को भरपेट भोजन मिल रहा है। यह एक बड़ा पुण्य का कार्य है जो जवाहर फाउण्डेशन द्वारा चलाया जा रहा है।

### वार्षिक कलशाभिषेक समारोह

**अजमेर**(कास)। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन जिनालय, शान्तिपुरा, आनंदनगर, अजमेर में शनिवार 13 सितंबर 2025 को सायं 4:15 बजे से श्रीजी का वार्षिक कलशाभिषेक समारोह बड़े भक्तिभाव और उल्लास के साथ सम्पन्न होगा। प्रवक्ता कमल गंगवाल एवं नरेश गंगवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दिन पूर्व, शुक्रवार रात 7:30 बजे से भक्ति संगीत का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसका प्रस्तुतीकरण श्री दिगम्बर जैन संगीत मंडल, अजमेर द्वारा किया जाएगा। समारोह के मुख्य कार्यक्रम अंतर्गत मंदिर प्रांगण में श्रीजी भगवान के भव्य वार्षिक कलशाभिषेक, मंगलाचरण एवं भक्ति संगीत की सुरधारा के बीच सम्पन्न होंगे।

### 2 साल की जेल व 45 लाख जुर्माना

**ब्यावर** (निसं)। न्यायालय विशिष्ट न्यायाधीश एन आई एक्ट केसेज हर्षित शर्मा ने चेक अनादरण के आरोपीगण भावनगर गुजरात निवासी पिता और पुत्र घनश्याम भाई सुपुत्र मोहन भाई धमेलिया तथा जिगर भाई सुपुत्र घनश्याम भाई को चेक अनादरण के मामले में दोष सिद्ध कर 2 सालकी जेल और पैतालीस लाख रुपए जुर्माने से दंडित करने के आदेश प्रदान किये। पारिवादी मनीषा इंडस्ट्रीज की मालिक मधुबाला खींचा निवासी दामोदर पार्क गली ,मेवाड़ी गेट ब्यावर ने एडवोकेट प्रवीण जैन के मार्फत न्यायालय में परिवाद पेश कर आरोप लगाया कि प्रार्थी से उक्त अभियुक्तगण ने समय समय पर मिनरल पाउडर उधार खरीदा जिसके बकाया भुगतान का 27 लाख काचेक दिया जो अभियुक्त गण के खाते को सरकारी विभाग द्वारा फ्रिज करने के कारण से अनादरित हो गया। जिस पर परिवादी के अधिवक्ता प्रवीण जैन ने न्यायालय में परिवाद पेश कर न्यायालय में तर्क दिया कि दोनों अभियक्तगण मुलजिम कंपनी के निदेशकहै एवं ब्यावर से उधार मिनरल पाउडर खरीद कर उसका भुगतना हेतु चेक दिया जो अकाउंट फ्रिज होने से अन्नादरित हुआ।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक : बाल विवाह मुक्त समाज की ओर बड़ा कदम

- जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण- 5 के अनुसार राजस्थान में बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है, जो चिंताजनक है

**ब्यावर ( निसं )।** बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक कुरीति के उन्मूलन के लिए जिला प्रशासन पूरी संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलेभर के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ऑनलाइन जुड़े। बैठक में कलेक्टर मीना ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार राजस्थान में बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है, जो चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं अन्य संस्थाओं द्वारा राज्य सरकार को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं, जिनकी अनुपालना के लिए जिला प्रशासन निरंतर सक्रिय है। इस अवसर पर बाल विवाह रोकथाम संबंधी जागरूकता पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

बैठक में तय किया गया कि अक्षय तृतीया व पीपल पूर्णिमा जैसे अबूझ सावों पर विशेष सतर्कता रखी जाएगी।जिला एवं उपखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 247 निगरानी की जाएगी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूह, स्वयं सहायता समूह, महिला सुरक्षा सखी व साथिनों को बाल विवाह रोकथाम की अठिाम पंक्ति में सक्रिय किया जाएगा। विवाह आयोजनों में जुड़े हलवाई, टेंट व्यवसायी, बैंड-बाजा वाले, पंडित, बाराती और ट्रांसपोर्ट संचालकों को भी कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर बाल विवाह में सहयोग न करने का संकल्प दिलाया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्राम सभाओं में सामूहिक चर्चाओं के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणाम उजागर किए जाएं।

विद्यालयों में विद्यार्थियों को बाल विवाह से संबंधित जानकारी दी जाए।निमंत्रण पत्र प्रिंटरों को वर-वधु की जन्मतिथि अंकित करने की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाए।चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला कॉल सेंटर 181 और पुलिस नंबर 100 का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को शिकायत दर्ज करवाने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।कलेक्टर मीना ने सभी विभागीय अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि सामूहिक प्रयासों और जागरूकता से ही हम जिले को बाल विवाह मुक्त बना सकते हैं।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, अभिषेक गुजराती (जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग), जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक/माध्यमिक), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, समस्त ब्लॉक सीएमएचओ, बीईईओ, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी उपस्थित रहे।

## व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**ब्यावर( निसं )।** आयुर्वेद विभाग संभाग अजमेर राजस्थान के अतिरिक्त निदेशक शिव सिंह ने बुधवार को श्री चांदमल मोदी राजकीय जिला आयुष चिकित्सालय एवं जिला आयुष कार्यालय की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के समय डॉ.पारस चौहान प्रधान आयुर्वेद चिकित्साधिकारी प्रभारी एवं रविंद्र सिंह चौहान, हिमांशु शर्मा ने चिकित्सालय में संचालित योजना क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा एवं पंचकर्म चिकित्सा केंद्र, आँचल प्रसूता केंद्र के अंतर्गत संचालित योजना स्वर्णप्राशन कार्यक्रम, रक्ताल्पता कार्यक्रम इत्यादि के बारे में विस्तृत चर्चा कर मार्गदर्शन दिये। अतिरिक्त निदेशक डॉ.सिंह ने वार्ड में भर्ती रोगियों की जानकारी ली एवं रोगियो को चिकित्सालय में संचालित रसोई घर से मिल रहे खाने की गुणवता जांची एवं सन्तोष प्रकट किया।

आंचल प्रसूता केंद्र प्रभारी डॉ नेहा सोनी से आँचल प्रसूता केंद्र में संचालित व्यवस्थाओं पर सन्तोष प्रकट किया। उन्होंने बताया की पथ्य सामठी की आपूर्ति होने पर चिकित्सालय में आने वाली महिलाओं को नियमानुसार गर्भाधान से 8.5 माह के मध्य तक सगर्भा के अंर्तगत आने वाली महिलाओ को नियमानु सारदलिया, दाल, शक्कर निःशुल्क वितरित की जाती है।

## कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**ब्यावर** (निसं) के.डी. जैन अंग्रेजी माध्यम सीनियर सेकेंडरी नरबदखेडा के कक्षा 11वीं के छात्र वैभव प्रजापति पुत्र इंद्र चन्द्र प्रजापति ने बी.एल. गोठी विद्यालय में जिला स्तरीय 80 कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।इसी तरह रा.उ.मा. वि.मोगर (बदनोर) में कक्षा 11वीं की छात्रा मनुरिका पुत्री वीरेंदर सिंह ने जिला स्तरीय 85 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। दोनों छात्र-छात्रा ने गोल्ड व ब्रोंज प्राप्त किये । इस अवसर पर विद्यालय निदेशक सुयश तातेड़, हिमांशु , आयुषी जैन, प्रधानाचार्या कृष्णा तिवारी, शा.शि.मनीष,विजय सिंह चौहान, राधेश्यामप्रजापति, प्रकाश सिंह भाटी ने दोनों विद्यार्थिओं को शुभकामनायें दी ।


**NAME CHANGE**

I, Army No.JC-780434X, Nb Sub, Ashis Kumar Ghosal, Residing Vill- Lake Road, Po- Kampa, Teh- Barrackpore, Dist-24 Parganas (North), West Bengal, 743193 have change my Father's Name from Arun Kumar Ghosal to Arun Chandra Ghosal vide Affidavit No. CA476877 Dt 10/09/2025 before Court campus Nasirabad

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक नियमनशुदा आवासीय भूखण्ड संख्या 52 क्षेत्रफल 262.22 वर्ग गज वाके स्थित खसरा संख्या 1466, 1467 ग्राम चौरसियावास तहसील व जिला अजमेर में स्थित है, कि जिस भूखण्ड का नियमन व पट्टा श्रीमती छुट्टन सांखला पत्नी श्री प्रकाश सांखला, निवासी 1 त 22 जनता कॉलोनी, वैशाली नगर अजमेर को कार्यालय अ.वि.प्रा द्वारा जारी किया गया । यह कि उक्त भूखण्ड मय मकान की खरीद 1 श्री ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री आर. एस गुप्ता 2- श्रीमती ममता गुप्ता पत्नी श्री ओम प्रकाश गुप्ता, पता- सर्वधर्म मंदिर के पास, वैशाली नगर, अजमेर (राज) हाल निवासी 52, फेण्ड्स कॉलोनी, वैशाली नगर, अजमेर (राज) ने श्रीमती छुट्टन सांखला पत्नी श्री प्रकाश सांखला से क्रय की थी जिसके विक्रय पत्र का निष्पादन दिनांक 28/03/2006 को किया गया था तथा उक्त दिनांक के पश्चात् मैंने उक्त भूखण्ड मय मकान का विक्रय किसी अन्य को नहीं किया। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

-ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री आर.एस गुप्ता, ममता गुप्ता पत्नी श्री ओम प्रकाश गुप्ता,पता- 52, फेण्ड्स कॉलोनी, वैशाली नगर, अजमेर (राज)


## विश्व साक्षरता दिवस पोस्टर विमोचन

**मसूदा( निसं )।** नॉलेज हट परियोजना (पुस्तकालय कार्यक्रम) के अंतर्गत दिशा समाजसेवी संस्था अजमेर एवं चयनित विद्यालय सहयोग से मसूदा ब्लॉक में चयनित राजकीय विद्यालय में विश्व साक्षरता दिवस सप्ताह का आयोजन किया जाएगा इसके अंतर्गत समुदाय में विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु पुस्तक प्रदर्शनी, बच्चों द्वारा चित्रकला, कहानिया, गीत-कविता सुनना सुनना आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। विश्व साक्षरता दिवस कार्यक्रम के तहत मसूदा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लोकेशचंद नांगला द्वारा पोस्टर विमोचन कर हर गांव हर व्यक्ति साक्षर हो पर जोर दिया। परियोजना ब्लॉक समन्वयक मुकेश फुलवारी द्वारा पुस्तकालय कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था से मदन सिंह, गट्टू सिंह, घनश्याम शर्मा एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी शामिल हुवे।

# सार्वजनिक रूप से फूहड़ नृत्य पर प्रतिबंध हो :- मगरा जन जागरण मंच

- जिला कलेक्टर के जरिये मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में धार्मिक स्थलों, मेलों समितियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर फूहड़ नृत्यों का आयोजन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

**ब्यावर ( निसं )** मगरा जन जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने मंच के संस्थापक विक्रान्त सिंह रावत और संयोजक सूरज प्रताप सिंह राजियावास के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर के जरिये मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में धार्मिक स्थलों, मेलों समितियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर फूहड़ नृत्यों का आयोजन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। मगरा जन जागरण मंच के संस्थापक विक्रान्त सिंह रावत ने कहा कि मेलें जागरणों, भजन संध्या के नाम चंदा एकत्रित कर समितियां मनोरंजन के नाम डांस पार्टियों को बुलाकर फूहड़ नृत्य व अंग प्रदर्शन किया जाता है। यह अनुचित है डांस क्लब में होने वाले डांस को आम जनता में परोसा जाता है जिससे आने वाली पीढ़ी पर धर्म और संस्कृति को लेकर गलत धारणा बन रही हैं। मंच मांग करता है कि इस पर सख्त से सख्त कानून लाकर प्रतिबंधित किया जाये।मंच के संयोजक सूरज प्रताप सिंह ने बताया कि गत दिनांक 3 सितम्बर 2025 रात्रि जलझूलनी एकादशी को श्री साँवलिया जी मंदिर, भादसोड़ा में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अश्लील नृत्य एवं फूहड़ता का प्रदर्शन किया गया, जो न केवल धार्मिक आस्था का अपमान है, बल्कि मंदिर की पवित्रता एवं गरिमा को भी ठेस पहुँचाता है। जब विश्व हिन्दू परिषद, निंबाहेड़ा के जिलाध्यक्ष प्यार चंद्र सेन ने इस अनुचित कृत्य का विरोध किया, तो इन तत्वों ने उनके साथ अभद्रता की, गाली-गलौज की और धमकी भी दी। यह घटनाक्रम अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे समाज में धार्मिक स्थलों पर अनुशासनहीनता एवं अराजकता को बढ़ावा देने का प्रयास प्रतीत होता हैं। भजन संध्याओं के नाम पर इस तरह की अराजकता को बंद किया जाए।इस अवसर पर महेन्द्र पंवार, विजय सिंह मुंडोति, अनिल जांगिड़, ऋषि सिंह हुड्डा, सौरभ चौहान, मुकेश रावत, भगवान सिंह,वीरेंद्र सिंह मुंडोती, सुनील रावत गोहाना, लक्ष्मण सिंह चौहान, कैलाश रावत सारोठ, कपिल बोयत, मनन गहलोत, सुमित रावत अंधेरी देवरी, विक्रम सिंह चौहान आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की लोहागल योजना के आवासीय / व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 46 एवं 47 खसरा सख्या 1355 क्षेत्रफल 354.66 के आवंटी/अन्तरिति श्री देविकांत शर्मा पुत्र श्री उमाकांत शर्मा निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 23.05.2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः श्रीमती सीता देवी पत्नी स्व. श्री देवीकांत शर्मा एवं श्री चन्द्र कान्त शर्मा पुत्र स्व. श्री देवीकांत शर्मा निवासी (दोनों) गणेश गली त्रिवेणी चौक हिन्डोली टिण्डोली बून्दी द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दं करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ जिला-अजमेर (राज.)**

क्रमांक:नपकि/PWC/BPAS-2464/2025/707 **आम सूचना** दिनांक-10/09/25

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्री खुशीराम बैरवा पुत्र श्री श्योजीराम बैरवा राजस्व ग्राम मदनगंज, खसरा सं. 621/1, 621/2, 621/3, 614 का पार्ट भूखण्ड सं. सी-07 के कुल क्षेत्रफल 125.00 वर्गगज बी.एल.जी. विहार मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान में आवासीय निर्माण स्वीकृति हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व मे-भूखण्ड सं. सी-24 पश्चिम मे-30 फीट का रास्ता

उत्तर मे-भूखण्ड सं. सी-08 दक्षिण मे- भूखण्ड सं. सी-06

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति/एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

-प्रभारी,(भवन निर्माण स्वीकृति) नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर निगम अजमेर**

क्रमांक:न.नि.अ/भवन/25-26/284 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 10.9.25

सैयद मोहम्मद हादी मोईनी पुत्र स्व. श्री गुलाम अली, सैयद फाकिर मोईनी पुत्र सैयद हादी मोईनी, सैयद शाहिद मोईनी पुत्र सैयद मोहम्मद हादी मोईनी, सैयद जाहिद मोईनी पुत्र सैयद मोहम्मद हादी मोईनी निवासीगण बेतुलनगर झालरा दरगाह शरीफ अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 6/460 34/559 ए.एम.सी. नं. 6/462(11) 34/563 व ए.एम.सी. नं. 6/463 34/564 एवं ए.एम.सी. नं. 9/461 34/461 स्थित है जो वाके गून्दा गली नला बाजार अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 303.83 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : सम्पति श्री अनिल अग्रवाल की पश्चिम : रास्ता गून्दा गली

उत्तर : प्राइवेट प्रोपर्टी दुकानात अन्य की सम्पति दक्षिण : अन्य की सम्पति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय नगर निगम अजमेर**

क्रमांक:न.नि.अ/भवन/25-26/285 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 10.9.25

सैयद मोहम्मद हादी मोईनी पुत्र स्व. श्री गुलाम अली, श्रीमती वाहेदा बीबी पत्नी श्री सैयद मोहम्मद हादी मोईनी, सैयद फाकिर मोईनी पुत्र सैयद हादी मोईनी, श्री हाफिज सैयद शाहिद मोईनी पुत्र सैयद मोहम्मद हादी मोईनी, सैयद जाहिद मोईनी पुत्र सैयद मोहम्मद हादी मोईनी निवासीगण बेतुलनूर झालरा दरगाह शरीफ अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 3/89 6/444 428/7, 472/40 स्थित है जो वाके फूल गली अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 150.82 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : गली रास्ता 9.9 फुट व आगे जाकर 3 फुल गली पश्चिम : प्राइवेट अन्य मकानात

उत्तर : गली व जायदाद ए.एम.सी. नं. 429/7 व जायदाद नं. 431/7 दक्षिण : जायदाद ए.एम.सी. नं. 427/7

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की वीर तेजाजी नगर, ग्राम दौराई तहसील व अजमेर के आवासीय भूखण्डसंख्या 108 वर्किंग जमाबन्दी खसरा संख्या 1612 का भाग है, जिसका क्षेत्रफल 325.00 वर्गगज 2925.00 वर्गफुट के आवंटी/आन्तरिति श्री यतेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र श्री दयाशंकर शेखावत, निवासी 58, वीर तेजाजी नगर, ग्राम दौराई, की मृत्यु दिनांक 29.11.2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. श्री सोमेन्द्र वाई शेखावत 2. श्री वीरेन्द्र यतेन्द्र शेखावत पुत्रगण स्व. श्री यतेन्द्र डी शेखावत निवासी डोटम हसले कोरल एस-विंग 1703 भूमि पार्क रोड, जनकल्याण नगर 3. श्रीमती मनीषा सुशील चौहान पत्नी श्री सुशील चौहान 4. श्रीमती श्वेता पत्नी श्री मोहन सिंह पुत्री स्व. श्री यतेन्द्र डी शेखावत निवासी बी 1101 कलातीर्थ टावर सैवी सोलारिश के पास, पीवीआर सिनेमा के पीछे, मोटेरा अहमदाबाद सिटी, मोटरा अहमदाबाद, गुजरात- 380005 के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 07.07.2025 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवंटन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दं करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर, राजस्थान**

क्रमांक: न.प.बि./नामा/2025/3101 **आम सूचना** दिनांक: 10/9/25

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न संयुक्तिकरण पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संयुक्तिकरण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाम | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 163 | खेहलता झंवर पति किशन गोपाल झंवर | भंवरवाड़ी बिजयनगर ब्लॉक नं. 40 भू.सं. 03 व 03 का पश्चिमी व दक्षिणी हिस्सा | 330.53 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर

Website:-www.rajasthan.gov.in/ada Email:- ajmerada@gmail.com

Tel. No. -0145-2627748-2627749

अविप्रा/प.1/संस्था/शहर चलो अभियान-2025/राज काज रैफ0नं0 17628023 दिनांक : 08.09.2025

-: आम सूचना :-

"शहर चलो अभियान-2025 (सेवा पखवाडा)"

(तैयारी शिविर सेवा पखवाडा)

राजस्थान सरकार नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के आदेश क्रमांक - भूमि/एफ.7(ड)(शु.च.अभि.)डीएलबी/2025/7695 जयपुर दिनांक 4.9.2025 द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों की पालना में शहर चलो अभियान-2025 (सेवा पखवाडा) के तैयारी शिविर सेवा पखवाडा प्राधिकरण प्रांगण में दिनांक 13.09.2025 तक लगाया जा रहा हैं। इस शिविर का उद्देश्य आम जनता को राहत प्रदान करते हुए निर्देशित विभागीय सेवाओं को त्वरित रूप से उपलब्ध करवाना हैं।

शिविर अवधि में भूखण्डों के पट्टे जारी करना, भूखण्ड के नामान्तरकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र जारी करना, भवन मानचित्र अनुज्ञा जारी करना, पूर्व मे जारी लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करना, लम्बित प्रकरणों का निस्तारण एवं राईजिंग राजस्थान के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों बाबत् कार्यो का चिन्हिकरण कर सम्पूर्ण परीक्षण कर निस्तारण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सडकों, नालों का सर्वे कर मरम्मत का कार्य, नवीन नालों का निर्माण, सडको के पैचवर्क, नवीन सडकों का निर्माण, फेरोकवर, क्रास निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण आदि कार्य किये जायेंगे।

अतः आम जनता से निवेदन हैं कि अधिक से अधिक संख्या में प्राधिकरण प्रांगण में लगाये जा रहें शिविरों में पधारकर अथवा ऑनलाईन आवेदन कर शिविर का लाभ उठाये।

सचिव आयुक्त जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष

राज.संवाद/